अभिनय प्रस्तुतिकरण में सात्विक भावों का विश्लेषण–डॉ० आदीश कुमार वर्मा 1303
नरेंद्र वर्मा का व्यक्तित्व एवं कृतित्व–डॉ० सविता मिश्रा; चंचल बाला 1305

राजस्थान में पर्यटन विकास : उदयपुर जिले के विशेष सन्दर्भ में–भूमिका मेघवाल; डॉ० वन्दना वर्मा 1308
भारत में ब्रिटिश कालीन न्याय व्यवस्था : ऐतिहासिक परिचय–सौरभ कुमार जैन 1314
विकास की वर्तमान अवधारणा और गांधीवाद–डॉ० पिंकी पुनिया 1317
सीकर जिले में भूमिगत जल स्तर : श्रीमाधोपुर तहसील का एक विश्लेषण–दिलभाग; डॉ० मोनिका रोत 1322
राहुल सांकृत्यायन के यात्रा-साहित्य में ग्रामीण लोकजीवन एवं सांस्कृतिक परिदृश्य–निशा चौहान 1325
गांधीवादी दृष्टिकोण में कल्याणकारी राज्य का सिद्धांत–रेखा सक्सेना; ऋतेश भारद्वाज 1329
इतिहास भर में अफ्रीका–प्रशांत कुमार वशिष्ठ 1335
बांग्लादेश में बदलती दलीय प्रणाली की रूपरेखा–वीना कुकरेजा 1339
भारतीय राष्ट्रवादी विचार की विभिन्न धाराएँ–डॉ० प्रशांत देशपांडे 1344
भारत में कारावास की नैतिकता: एक अध्ययन–डॉ० रेखा ओझा 1347
भारत में बाजारीकरण की उत्पत्ति व आहत मुद्राओं का बाजार मूल्य–डॉ० प्रीति सिंह 1350
जैन धर्म और उसकी तत्त्वमीमांसा–डॉ० सरोज राम 1352
संस्कृत भाषा का इतिहास और पुनरुत्थान–डॉ० योगिता मकवाना 1354
भूगोल का सामाजिक विज्ञानों से संबंध और प्रयुक्त अध्ययन तकनीकें–डॉ० राजेंद्र प्रसाद 1356
'जाति विषमता एक अभिशाप' डॉ. लाल के नाटकों के विशेष संदर्भ में....–डॉ० नानासाहेब जावले 1359
महाभारत के राक्षसों की कथाएँ–प्रवीण मिश्रा; डॉ० वेदप्रकाश मिश्र; डॉ० रेनू शुक्ला 1362
राजस्थान में ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम : एक अध्ययन–डॉ० बलबीर सिंह 1366
सरकारी योजनाओं में महिलाओं का सशक्त योगदान–श्रीमती गायत्री तिवारी; डॉ० अंजू तिवारी 1368
शेखावाटी के पर्यटक स्थल एक भौगोलिक अध्ययन–डॉ० विनोद कुमार सैनी 1371
संस्कृत-सृजन : अपेक्षा एवं उपलब्धि–ऊषा नागर 1375
भारतीय संस्कृति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा–डॉ० रूपेश कुमार चौहान 1379
मानव जीवन में वनस्पतियों का महत्व (वैदिक साहित्य के आलोक में)–डॉ० दीप्ति वाजपेयी; कु० मोनिका सिंघानिया 1383
'तोपो गोनअ' नामक गालो लोक गाथा में वर्णित भाई-बहन संबंध–जुमनू कामदाक 1387
स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बिहार में पिछड़ी जातियों में सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना का विकास–राजेन्द्र कुमार 1392
नेहरू के समाजवाद एवं अंतर्राष्ट्रीयवाद की अवधारणा–मो० जाहिद शरीफ 1395
कृष्ण लीलागान की मनौवैज्ञानिक पृष्ठभूमि–डॉ० मृत्युंजय सिंह 1399
जनसंख्या वृद्धि की समस्या- कारण एवं निदान–नेहा रावत 1404
रायका समुदाय की मौसमी प्रवास के दौरान समस्याएँ : सिरोही जिले का एक भौगोलिक अध्ययन
–प्रो० पी० आर० व्यास; ललित कुमार मोबारसा 1410
राजस्थान एवं गुजरात के जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, समायोजन एवं आकांक्षा का अध्ययन
–संजय कुमार मीना 1415
मादक द्रव्य व्यसन एवं सद्वृत–अंकित तिवारी; प्रो० चंद्र शेखर पांडेय 1424
व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के बीच संघर्ष का समाधान : प्रस्तावना में है निदान–प्रो० पवन कुमार 1427
भोटिया जनजाति का ऋतु प्रवास तहसील मुनस्यारी के सन्दर्भ में–डी० एस० परिहार, दीपक 1430
कश्मीर समस्या की उत्पत्ति एवं समाधान–जितेन्द्र भारती 1440
भारत में संघवाद एंव राज्यों की स्वायत्तता: एक अध्ययन–आशीष कुमार सिंह 1447

छायावाद और पण्डित मुकुटधर पाण्डेय के साहित्य की उपयोगिता–डॉ० जयपाल सिंह प्रजापति; श्री बीरू लाल बरगाह 1450
संस्थागत मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व–डॉ० पूनम भूषण 1455
ब्लेंडेड लर्निंग-एक नवाचार–डॉ० प्रगति भटनागर; डॉ० मनीष भटनागर 1458
पुनरूत्थान का खतरा और साहित्य–अभिषेक चारण 1464
महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के नये स्वरूप–श्रीमती श्वेता चतुर्वेदी; डॉ० श्रीमती रीना तिवारी 1468
राष्ट्रीय चेतना और हिंदी साहित्य–शुचिस्मिता मिश्रा 1472
अमित अम्बालाल के चित्रों में 'यू टर्न'–डॉ० शाहिद परवेज 1474
डॉ० भीमराव अम्बेडकर का शैक्षिक चिन्तन–सरिता; प्रो० बी०एल० जैन 1478
तुलसीदास के साहित्य में आदर्श परिवार की संकल्पना–रामयश पाल 1481
बिहार में च्डम्ळच् योजना : एक अध्ययन–राकेश कुमार; प्रो० हिमांशु शेखर 1484
आत्मनिर्भरता एवं नैतिक मूल्य–डॉ० पूजा कुमारी 1489
वैश्वीकरण और ग्रामीण भारत पर इसका प्रभाव–डॉ० राज कुमार प्रसाद 1492
प्रभा खेतान के साहित्य में स्त्री चेतना, स्त्री विमर्श–प्रिया सिंह 1495
आत्म निर्भर भारत : प्राचीन काल से आधुनिक काल तक COVID-19 के विशेष सन्दर्भ में–डॉ० भारत भूषण 1498
समाजोत्थान में हरियाणवी सन्त-काव्य का योगदान–शीला देवी 1501
प्रधानमंत्री जनधन योजना एक तथ्यात्मक अध्ययन–(प्रोफेसर) डॉ० हिमांशु शेखर; संजीव कुमार 1504
स्वच्छ भारत अभियान : पर्यावरण संरक्षण के लिए सकारात्मक कदम–डॉ० विकास शर्मा 1509
पहाड़ की स्त्रियों का पहाड़ भर दु:ख–शालिनी देवी 1513
राजनीतिक सहभागिता के विभिन्न स्वरूप का अध्ययन–कृष्णा बैठा 1517
'पाश': क्रांति का अग्रदूत–इन्दरप्रीत कौर 1519
कोरोना काल में विद्यार्थियों पर ई-लर्निंग का प्रभाव–डॉ० आभा रानी 1522
बेहतर भविष्य के लिये ठोस अपशिष्ट निपटान के नवीन आयम–मोहिनी सरन एवं डॉ. सलाहउद्दीन मोहम्मद 1525
उच्च शिक्षा हेतु अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रति मुस्लिम महिलाओं की जागरूकता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन –डॉ० सौम्या शंकर; नसीम अख्तर 1531
समकालीन भारतीय चित्रकला में चित्रकार एस०एच० रज़ा की कलाकृतियों में रंगों का प्रतीकात्मक अध्ययन–निशा माहौर 1534
शिवाद्वयवादी नेत्रतन्त्र में सृष्टिप्रक्रिया एवं साधना के संदर्भ में शिवतत्त्व विमर्श–डॉ० प्रदीप 1538
मॉरीशस में श्रीराम कथा एवं भारतीय संस्कृति–उमेश कुमार सिंह 1542
बच्चों का पालन पोषण और अभिभावक–डॉ० अलका 1546
बच्चों के विकास में प्री-प्राइमरी शिक्षा और किंडरगार्टन की भूमिका–डॉ० शंकर जी 1549
बीड़ झुंझुनू कंजर्वेशन रिजर्व का पारिस्थितिकीय अध्ययन–डॉ० मन्जू चौधरी 1551
छत्तीसगढ़ के श्रमिको मे कोविड माहमारी के दौरान पलायन एंव चुनौतियां (रायपुर संभाग के विशेष संदर्भ में) –संजय कुमार जांगडे; श्रीमति डॉ० रीना तिवारी 1555
जीवनसाथी चयन में कामकाजी महिलाओं की भूमिका का सामाजिक विश्लेषण–डॉ० अर्चना सिंह; शैलजा वर्मा 1560
चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की कहानियों में प्रेम संवेदना–मोहन पुरी 1564
क्षेत्रीय विकास, विशमताएँ व पलायन, मुद्दे एवं चुनौतियां-उत्तराखण्ड के तीन मैदानी जनपदों का एक विश्लेषण–सुनील सिंह 1568
वर्तमान भारतीय विधिक शिक्षा के समक्ष उत्पन्न चुनौतियाँ–अरविन्द कुमार गुप्ता। 1576
भारतीय राजनीति के मुखौटे को बेनकाब करती धूमिल की कवितायें–डॉ० शंकर शर्मा 1580

## दृष्टिकोण


गोंड राजाओं के शासन का प्रतीक : देवगढ़ का किला–प्रो० बिंदिया महोबिया 1584
प्रवासी हिंदी कथा साहित्य में स्त्री सार्वभौमिकता–नीलम सागर 1589
हिमाचल के कुल्लू जनपद की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि–हेम राज 1592
हिंदी के प्रमुख दलित आत्मकथाओं का परिदृश्य–सिद्धलिंग गंगु; डॉ० सविता तिवारी 1594
गोस्वामी तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस' में चित्रित पारिवारिक सद्भाव–डॉ० बिजेंद्र कुमार 1597
सूर्यबाला जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व–प्रकाश मानू जाधव; डॉ० सविता तिवारी 1602
मुगल काल में फारसी साहित्य-संस्कृति–डॉ० मो० मोतिउर रहमान खान 1606
डाक टिकट पर पानी–विनय पटेल 1610
छत्तीसगढ़ में ई-गवर्नेस से प्रशासनिक विकास पर प्रभाव व चुनौतियां (गरियाबंद जिले के विशेष संदर्भ में)
–अदिति तलवरे; डॉ० प्रमोद यादव 1614
आदर्श मित्र और मित्रता के सन्दर्भ में रहीम–प्रो० मन्जुनाथ एन० अंविग 1617
हिन्दी कविता में यायावर 'श्री गुरु नानक देव'–डॉ० सुनीता शर्मा 1621
जनपद अल्मोड़ा में पर्यटन का विकास, सम्भावनाएं तथा समस्याएं, कुमाऊँ हिमालय, उत्तराखण्ड–महेन्द्र सिंह; डॉ० दीपक 1627
लोक साहित्य का स्वरूप एवं वर्गीकरण : एक विश्लेषण–ममता कुमारी 1637
भूमि उपयोग का मानव जीवन पर प्रभाव : - उदयपुर जिले का एक भौगोलिक अध्ययन–कैलाश चन्द्र मीणा 1642
भारतीय इतिहास में व्यापारिक संधर्ष विशेष संदर्भ :- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापार विस्तार–डॉ० (श्रीमती) अंजू कुमारी 1645
भारत में बाल मानव अधिकारों का संरक्षण: एक अनुशीलन–सहदेव सिंह चौधरी 1650
भारत-मध्य एशिया गणराज्य: चुनौतियाँ और संभावनाएँ–गुरदीप सिंह 1655
ब्रिटिश प्रशासन और भारतीय राष्ट्रवाद : एक अध्ययन–रितेश कुमार 1659
छात्राध्यापकों के संवेगात्मक बुद्धि का अध्ययन–प्रज्ञा सिंह 1661
भारत में कृषि के विकास में कृषि प्रबंधन की भूमिका–प्रियंका 1666
सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' में व्यक्त दलित स्त्री चेतना–डॉ० अखिलेश कुमार वर्मा 1669
राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: सक्षमता का सबल साधन–डॉ० अनिल कुमार पाण्डेय 1672
उत्तराखण्ड में सड़क-पुल आन्दोलन में गढ़वाली पत्र की भूमिका–डॉ. मनोज सिंह बाफिला 1675
मान्यवर कांशीराम की विचारधारा का दलित कविता पर प्रभाव–मुकेश कुमार भारतीय 1680
गाँधी दर्शन में ब्रह्मचर्य की अवधारणा–दीक्षा 1686
भारतीय परिप्रेक्ष्य में प्रारंभिक शिक्षा के अधिकार की ऐतिहासिक समीक्षा–डॉ० शिखा चतुर्वेदी 1688
'हंस' सम्पादकीय दृष्टि और हाशिए का समाज–ममता यादव; डॉ० यशवन्त वीरोदय 1691
औपनिषदिक साहित्य में कर्म चिन्तन–डॉ० श्रीमती अर्चना 1694
कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं की स्थिति का अध्ययन–प्रियंका दीक्षित; डॉ० राकेश प्रताप सिंह 1697
दलित साहित्य और प्रेमचन्द–विजय प्रकाश 1700
नव-उपनिवेशवाद एवं सांस्कृतिक विमर्श (1990 के बाद)–योगेन्द्र कुमार सिंह 1702
भारत में उच्च शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी–डॉ. श्वेता रस्तोगी 1706
पंथनिरपेक्षता की भारतीय अवधारणा–डॉ० दीपशिखा चतुर्वेदी 1709
पर्यावरणीय संचेतना एवं नैतिक-मूल्यों का आव्यूहन–डॉ० माया शंकर 1712
परम्परा एक दृष्टि: रामविलास शर्मा–डॉ० शिवाजी 1716
माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवम् छात्राओं का शिक्षा में नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन
–सरस्वती देवी; डॉ० बिहारी सिंह 1719

क्रांति के अमर गायक माखनलाल चतुर्वेदी का हिन्दी साहित्य में योगदान–डॉ० आर०पी० वर्मा 1722
विघटित जीवन मूल्य और साहित्य–डॉ० साधना 1725
औपनिवेशिक भारत में सिक्के तथा मुद्रा व्यवस्था: एक ऐतिहासिक अध्ययन–डॉ० आशा रानी 1728
प्रगतिवादी चेतना के कवि निराला–डॉ० रश्मि कुमारी 1732
हिंदी कहानियों में स्त्री अधिकारों की चुनौतियां और जाति का सवाल–पूनम गुप्ता 1735
प्राचीन भारत में सामाजिक परिवर्तन के तत्व: वर्ण व्यवस्था का विशेष संदर्भ–डॉ० राधेश्याम सिंह 1738
समावेशी शिक्षा व्यबस्था आवश्यकता एवं चुनौतियाँ : एक अध्ययन–रत्नेश कुमार जैन; डॉ० कल्पना जैन 1742
बाजारवाद और भूमंडलीकरण का अन्तर्सम्बन्ध–सरिता भारती 1748
चित्तौड़गढ़ नगर के ग्रामीण-नगरीय उपान्त का भौगोलिक परिदृश्य–प्रो० पी० आर० व्यास; मनोज जाँगिड़ 1751
आधुनिकता की कसौटी में वैदिक नैतिकता–डॉ० चारू मिश्रा 1756
व्याकरण शास्त्र का दार्शनिक पक्ष-वाक्यपदीय की दृष्टि में–डॉ० जयन्ती सिंह 1759
हमीरपुर जनपद में सविनय अवज्ञा आन्दोलन एवं हिन्दी पत्रकारिता–डॉ० शोभा सक्सेना 1762
नगरीयकरण और बाल-अपराध में सम्बन्ध : एक विश्लेषण–डॉ० विवेक कुमार सिंह; कान्ती पाण्डेय 1765
रायपुर जिले के विद्यार्थियों में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उनके आकांक्षा स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन –खुशबू दीवान; डॉ० संजीत कुमार साहू 1769
मध्यकालीन नाटक-कला–डॉ० रियाजुल हसन 1773
बौद्ध धर्म में पर्यावरण और उसके संरक्षण की वर्तमान प्रासंगिकता–दिनेश कुमार 1775
भारत में महिला शिक्षा: दशा एवं दिशा–श्रीमती बबीता खाती 1778
नीर-क्षीर विवेकी रचना–डॉ० विश्वनाथ द्विवेदी 1782
महिला कथाकार मेहरुन्निसा परवेज के कथा साहित्य में नारी जीवन–डॉ० सुधा 1784
भारत में वृद्ध जनसमूह की समस्या: एक विश्लेषण–डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा 1787
समकालीन हिन्दी कविताओं में अभिव्यक्त 'स्त्री इच्छाओं की दमन' प्रवृत्ति–डॉ० प्रभुसेन 1790
घरेलू हिंसा की रोकथाम के उपाय एवं महिला कल्याण कार्यक्रम–सुबोध कुमार 1793
ग्रामीण विकास में महिलाओं की सहभागिता–डॉ० किरन सिंह 1797
अज्ञेय के उपन्यास में पात्र चरित्रांकन: एक दृष्टि–डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय 1800
झीनी-झीनी बीनी चदरिया: बुनकरों के शोषण एवं संघर्ष का जीवन्त दस्तावेज–डॉ० नीलम तिवारी 1803
मानवतावाद में शेख मुहम्मद अब्दुह का योगदान: एक अध्ययन–नुरुल हसन 1806
कोविड-19: पर्यावरण के लिये संजीवनी–डॉ० अंजू सिंह 1811
कथाकार शिवमूर्ति की कहानियों में ग्रामीण स्त्री शोषण की समस्यायें एवं संघर्ष–कृष्ण देव 1813
स्वामी विवेकानंद के सामाजिक व राजनीतिक विचारोंका का अध्ययन–प्रो० डॉ० वाय० एम० साळुंके 1817
पाली एवं सिरोही जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयो में ऑनलाईन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का अध्ययन –कैलाश परिहार; डॉ० दीपक पंचोली 1820
अथर्ववेद में प्रकृति पूजा–डॉ० जेबा खान 1824
कला तथा वाणिज्य के विद्यार्थियों की व्यावसायिक अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन–राजेश कुमार; डॉ० आसिफ कमाल 1826
कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में श्रीमद्भगवद्गीता का भक्ति योग अध्याय–डॉ० श्वेता मिश्रा 1831
स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन–रामप्रवेश यादव; डॉ० नरेन्द्र कुमार सिंह 1833

## दृष्टिकोण


गुरु तेग बहादुर जी की शहादत यात्रा : (हरियाणा के ऐतिहासिक स्थान)–सुनील 1840

पन्ना जिले की प्रागैतिहासिक शैलचित्र कला–देवीदीन पटेल 1844

छायावाद: भारतीय साहित्यिक चिन्तन धारा का स्वाभाविक विकास–अजय कुमार सिंह 1847

एक एक्टिविस्ट की कविताओं के मायने (सुधा अरोड़ा की कविताओं के विशेष सन्दर्भ में)–कु० आशा मिश्रा; डॉ० जनार्दन 1851

भोजपुरी लोकनाट्यों में सामाजिक पक्ष–अनुपम यादव 1855

जनजातीय विकास के नवीन आयाम: एक अध्ययन–डॉ० सुधांशु वर्मा 1858

भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली : चुनौतियां और सुझाव–मो० वकार रजा 1861

21वी सदी का परिदृश्य और वृद्ध जीवन–अमिता सिंह; डॉ० परेश कुमार पाण्डेय 1864

अखंड भारत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय: एक विवेचना–कुलदीप गंगवार 1867

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में दुर्गा भाभी वोहरा की भूमिका–प्रदीप सिंह 1871

मालती जोशी व मन्नू भंडारी के द्वारा चित्रित नारी की दशा–डॉ० नम्रता जैन 1873

उपनिवेशवाद के दौर में भारतीय कृषि का रूपान्तरण एवं उसके सामाजिक परिणाम–डॉ० राम सुन्दर यादव 1875

अज्ञेय के काव्य में दलित-चेतना–रचना तनवर 1878

कानपुर में धर्म सुधार आन्दोलन की प्रतिध्वनि–डॉ० प्रीती त्रिवेदी 1881

महिला सशक्तिकरण: एक आलोचनात्मक विश्लेषण–शाजिया सुल्तान 1884

भारत में मतदान व्यवहार–डॉ० विनीता गुप्ता 1887

बुन्देलखण्ड एवं बुन्देला: एक संक्षिप्त अध्ययन–रविन्द्र प्रताप सिंह 1890

आधुनिक संप्रेषण माध्यमों के बीच 'संवदिया' की प्रासंगिकता–डॉ० अमिता यादव 1894

प्राचीन भारत की कुछ प्रमुख क्रीड़ाएँ–डॉ० अनिल कुमार सिंह 1897

बिहार के नक्सल आन्दोलन में दलित महिलाओं की सहभागिता–श्वेता कुमारी 1900

मोदी सरकार II: अंत्योदय, सुरक्षा और राष्ट्र साधना का एक वर्ष–स्वदेश सिंह 1905

मुगल चित्रकला: अकबर काल के चित्र एवं चित्रकारों के सन्दर्भ में–रघु यादव 1908

व्याकरणिक दक्षता के उन्नयन में आगमन-निगमन विधि की प्रभाविता का अध्ययन–डॉ० प्रियंका रावल 1911

नई शिक्षा नीति 2020 का उच्च शिक्षा पर प्रभाव: एक समाजशास्त्री अध्ययन–ओम प्रकाश 1918

लिंगानुपात: फर्रुखाबाद जनपद का जनांकिकीय विश्लेषण–डॉ० प्रभात सिंह 1921

स्वामी विवेकानन्द के मानवतावादी चिंतन व कर्मशीलता की शिक्षक-शिक्षा के नीति-निर्माण में प्रासंगिकता–डॉ० अजय कुमार सिंह 1927

रोजगार सृजन में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) की भूमिका: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन–डॉ० विजय ग्रेवाल; नीलम कुशवाह 1932

वृधावस्था की अवस्था: समस्याए एवं सुरक्षा–डॉ० जया भारती 1936

अर्वाचीन संस्कृत काव्य भाति में भारतम् में राष्ट्रीय भावना–डॉ० मीना गुप्ता 1940

डाकघर द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि खाता योजना में निवेश निष्पादन का अवलोकन–डॉ० विजय ग्रेवाल 1944

हिन्दी उपन्यास साहित्य में दस्तक देता वृद्ध विमर्श–डॉ० निम्मी ए. ए. 1949

ग्रामीण विकास और मनरेगा–डॉ० मिथिलेश पासवान 1951

अनुसूचित जनजाति महिला का प्राथमिक शिक्षा में सहभागिता - धुले (महाराष्ट्र) जनपद एक भौगोलिक विश्लेषण–संजय बी० घोडसे 1956

साहित्य में विचारधारा–डॉ० कुलदीप कौर पाहवा 1959

मधुबनी की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक पृष्ठभूमि–श्वेता 1963

रोमेश चन्द्र दत्त-एक महान् बंगाली साहित्यकार–डॉ० तेजवीर सिंह; अजय यादव 1968

संवैधानिक प्रमुख के रूप में राज्यपाल–निखिल कुमार 1972

दूधनाथ सिंह कृत उपन्यास: 'आखिरी कलाम' में राजनीतिक यथार्थ–डॉ० निकेता; दीक्षित कुमार 1976

# दूधनाथ सिंह कृत उपन्यासः 'आखिरी कलाम' में राजनीतिक यथार्थ

**डॉ० निकेता**

*एसोसिएट प्रोफसर, हिन्दी विभाग, सनातन धर्म महाविद्यालय मुजफ्फरनगर, उ0प्र0*

**दीक्षित कुमार**

*शोधार्थी, हिन्दी विभाग, सनातन धर्म महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर, उ0प्र0*

## शोध-सार

'इल्यूजन एण्ड रिएलिटी' और 'वोल्गा से गंगा ' जैसी साहित्यक कृतियों की बहुआयामिता निर्विवाद हैं। ऐसा ही एक महाप्रयास 'आखिरी कलाम' में दूध नाथ सिंह ने भी किया है। दूधनाथ सिंह के उपन्यास 'आखिरी कलाम' राजकमल नयी दिल्ली 2003 को पढ़ते समय इतिहास की उक्त आदर्श कृतियों मन-मस्तिष्क में कौंधती रही हैं। अध्ययन से एहसास हुआ कि यह उपन्यास चुनाव के समय में एक सर्जनात्मक हस्तक्षेप है। ऐसे संसदीय चुनाव 2019 में जब बाबरी मस्जिद को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष दोनों ही इस मुद्दे को अपना चुनावी हथियार बना रही हो तो 'आखिरी कलाम' में राजनैतिक यथार्थ को शोध -पत्र का विषय बनाने का निर्णय लिया गया । उक्त उपन्यास राजनीति के विभिन्न आयामों की यथार्थ अभिव्यक्ति है।

दूधनाथ सिंह के कथा साहित्य का विकास यथार्थवाद के धरातल पर ही होता है। दूधनाथ सिंह जी कथा-साहित्य के प्रति लगातार चिंतन मनन करते है जिससे उनकी रचना यथार्थ के ठोस स्वरूप को बयाँ करती है। दूधनाथ सिंह तटस्थ एवं प्रतिबद्ध होकर कथा लेखन के माध्यम से कथा-साहित्य को समृद्ध करते रहे है। दूधनाथ सिंह का 'आखिरी कलाम' उपन्यास में मूल भावना सामाजिकता है। उन्होंने बदलती हुई परिस्थितियों के अनुसार ही चित्रण और विश्लेषण किया है। सामाजिक यथार्थ उनके कथा-साहित्य का मूल विषय बना रहा। 'आखिरी कलाम' उपन्यास 2003 में प्रकाशित हुआ यह चार खण्डों में विभाजित है- 1. गृह जंजाल, 2. प्रस्थान पर्व, 3. देव शमशान, 4. पुनश्च। दूधनाथ सिंह का यह उपन्यास राजनैतिक आयामों को संजोये है। राजनैतिक भ्रष्टाचार, राजनैतिक षड़यंत्र, राजनैतिक स्वार्थान्धता, धर्मांधता और सांप्रदायिक विद्वेष की भावना आदि विषय मुख्य रूप से अभिव्यक्त हुए हैं।

''इसमें दो मौते है, दो शवन्यात्राएँ है। बूढे आदमी पहली शव यात्रा का प्रारम्भ करता है। उसकी संगीतमय बुदबुदाहट, उसके निरर्थक लेकिन शाश्वत मूल्य के प्रवचन, यह इस शव-यात्रा का त्रासद संगीत है। --- दूसरा शव यात्रा कारसेवकों की है। हल्लाबोल शोर, धूल और पागलपन और भगवा रंग जो बाबरी मस्जिद की मृत्यु में समाप्त होता है। ''जै श्री राम का शोर क्या एक स्तर पर राम नाम सत्ता है? का शोर नहीं लगता?''[1]

प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य 'आखिरी कलाम' उपन्यास की राजनैतिक आलोचना है लेकिन राजनैतिक समालोचना एक बहुआयामी सरोकार है। राजनैतिक सिद्धान्त एवं व्यवहार के अलावा धर्म, दर्शन, साहित्य, विज्ञान इत्यादि भी इसके दायरे में आते है। व्यक्तिगत, मुखरता, अस्पष्टवादिता मनःस्थिति है जिसे 'आपद्धर्म' के रूप में मर्यादित किया जाता है। इसी प्रकार जब कोई छोटी या बडी अन्यायी सत्ता समर्थन चहती हो तो चुप्पी नैतिक, प्रतिरोध है। किन्तु सामान्य स्थितियों में यह गलत-सही जो हो रहा होता है् का मूक समर्थन है वर्तमान लोकतांत्रिक समाजों में व्यक्ति के यौन सम्बन्ध जैसे नितान्त निजी सरोकार के भी राजनीतिक निहितार्थ है। दरअसल, व्यक्ति आत्मसात समाज है और राजनीति सामाजिक महासरोकार। अतः दोनों की अन्योन्यश्रितता एक असंदिग्ध तथ्य है। पूँजी-अंग्रेजी पूंजीवाद की व्याख्या और समालोचना मात्र नहीं है। यह उनकी नैतिक, सामाजिक, दार्शनिक, साहित्यिक समलोचना भी है। इसी प्रकार हिन्दू स्वराज, पश्चिमी पूँजीवाद पर सभ्यागत टिप्पणी है।

उपन्यास के नायक एक प्रतिबद्ध, मुखर एवं विद्वान् मार्क्सवादी है या जनवादी कह दो पर अपनी निजता के साथ। सर्वात्मन, उनका मार्क्सवादी शिष्य है जो कम्युनिस्ट पार्टी का प्रान्तीय स्तर का नेता है और आचार्य जी के प्रति समर्पित है। बिल्लेश्वर किसी की नाजायज सन्तान है जिसे आचार्य जी ने चिथड़ों में फेका पाया था लेकिन परिवार के दमघोंटू वातावरण में भी उन्होनें उसे पोते का स्नेह दिया है। वह कम पढा-लिखा है पर विवेकवान है। मुँहफट और आचार्य जी का मुँहलगा अपरिहार्य सम्बल है। श्कहीं-कहीं वह कबीर की याद दिलाता है तो कहीं किंग लियर के ' द फूल की आचार्य जी अपने असीम ज्ञान और विवेक के बावजूद लियर की जिद्दी आत्मघाती भूमिका में भी दिखते है।''[2]

उपन्यास में गायत्री और स्वामी अचेतानन्द जैसे भी पात्र है जो हिन्दुत्ववादी पक्ष को संभाले हुए है। उपन्यास में जमील मियाँ भी है जो बाबरी मस्जिद घटना की दहशत के दबाव में टूट गया है और अन्ततः अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठा है।

आचार्य जी का इकलौता माधवानन्द अमेरिका में एक श्रेष्ठ ब्राह्मण वैज्ञानिक के रूप में गायत्री-सिंर्डोम से बच पाता है। अयोध्या के पार्टी कार्यकर्ता मिसिर जी है जो जमीनी हकीकतों के इतने दबाव में है कि उनके लिए पार्टी सिद्धान्त का कोई माने मतलब नहीं है। उनके लिए राजनीतिक सामाजिक आचरण की भी समझ नही है। जो कम्प्युनिस्ट पार्टी के सिद्धान्त और व्यवहार के बीच व्याप्त है। आचार्य जी की पत्नी, माता जी, पोता रविकान्त और उसकी पत्नी सुहासिनी, अयोध्या में शहीद बिजलानी भाईयों की अन्धभक्त 'थुलथुल माँ' लहँकट बाबा और जमील मियाँ के पिता गफ्फार मियाँ जैसे पात्र भी है जो अपनी तीक्ष्ण अथवा असहाय उपस्थिति से तत्क्षण छाप छोडते है और फिर ओझल हो जाते है । अनेक अनाम चेहरे है जो सामूहिक उन्माद से ग्रस्त आक्रोशित हैं या संस्कार भीरू-भीड़ है जो रामजन्म भूमि दर्शन हेतु इकट्ठी हुई है।

उपन्यास कुल चार खण्डों में विभक्त है:-

1. गृह जंजाल
2. प्रस्थान-पर्व
3. देव-श्मशान
4. पुनश्च

प्रथम तीन के नायक आचार्य जी है और ये आचार्य जी की संघर्षशील जीवन यात्रा के तीन निर्णायक चरण है जिन्हें सर्वात्मन सामान्तर युद्ध के रूप में याद करता है। वैसे तो सर्वात्मन का ध्यान प्रथम चरण पर नही है, लेकिन यह भी सामान्तर युद्ध ही था। अन्तिम खण्ड पुनश्च 6 दिसम्बर 1992 की घटना के 10 वर्ष बाद सर्वात्मन के अयोध्या में पुनर्भ्रमण पर केन्द्रित है। अब अयोध्या का नक्शा बिल्कुल बदल गया है। अब यह कुछ और उजड्ड बना है जहाँ लहलहाते गेहूँ और आलू के खेत थे वहाँ अब नए-नए परमहंस और अखाड़े काबिज है। पाँच बूढे मुसलमानों की छोटी सी बस्ती का अब नामोनिशान नही है। सर्वोपरि, विक्षिप्त जमील मियाँ बेतरतीब स्मृति लिए उन्हीं खडँहरों में घूम रहे है।

''मेरे कमरे में सियासत हो रही है।.... बडा शोर है? सोने नही देते। अल्लामा इकबाल आए थे उन्होनें दाढी रख ली।''[3]

लेकिन जमील मियाँ के पास न अहंकार था न महत्वाकांक्षा ही। वह तो धर्मान्धों की उजड्ड अहंकारी राजनीतिक-धार्मिक महत्वाकांक्षा के शिकार हुए हैं दलित कुल में जन्में अति संवेदनशील नवगीतकार एवं खूबसूरत इंसान देवेन्द्र कुमार जिन्हे बकौल केदारनाथ सिहँ, लगता था कि लोग अनवरत उनका पीछा कर रहे है। गोरखपुर के भेडिघ्या-माहौल ने देवेन्द्र कुमार को विक्षिप्त किया था और अयोध्या के वैसे ही माहौल ने जीमल मियाँ को विक्षिप्त बनाया है यद्यपि दोनों ही यथासम्भव अपने को ढालते रहें। राजनीति अथवा धार्मिक उन्माद नहीं जानता कि भले एवं संवेदनशील लोगों पर क्या गुजरती है और कैसे-कैसे कितनी कीमत चुकाते है और सत्ता समर्थित उन्माद की विनाशलीला का चरित्र।

उपन्यास का पहला खण्ड गृह जंजाल आचार्य जी प्रोफेसर तत्सत् पांडेय की पारिवारिक एवं विश्वविद्यालयी जिंदगी से सम्बन्धित है। दरअसल यह जिंदगी नहींएबल्कि पारिवारिक एवं विश्वविद्यालयी सड़ाँध के विरूद्व आचार्य जी का असफल समान्तर युद्ध है। राजा-पुरोहित के अत्यन्त मेधावी बेटे थे इसीलिए उच्च-शिक्षा सोर्वोन में हो गई। वहीं मार्क्सवादी बने और भारत लौटकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवक्ता बने स्वाधीनता संग्राम में सीधी शिरकत कर सकते थे लेकिन घर की परिस्थितियाँ बाधक बनी। राजनेताओं में उन्हें नेहरू पसन्द थे क्योंकि भारत में वहीं एक ऐसी शख्सियत थे जो यूरोप और हिन्दुस्तान दोनों जगह शक के दायरे से बाहर थे। नेहरू जी का पुस्तक-प्रेम को देखकर उन्होनें उन्हें अपनी पुस्तक देखी थी, नेहरू जी के यहाँ आनन्द भवन में उनका आना-जाना था और उनके माध्यम से वह गाँधी जी और गुरूदेव टैगोर से मिले थे। इससे आचार्य जी के मानसिक संस्कार का पता चलता है। वह प्रतिबद्ध मार्क्सवादी है। अत: अनिवार्यत: अनीश्वरवादी और जात-पातवाद एवं साम्प्रदायिकता के विरोधी भी, तथा भारतीय सांस्कृतिक अतीत के प्रति रैडिकल मोच के कायल है। ऐसा व्यक्ति एक गरीब परम्परारूद्र पुरोहित परिवार और पूरब का ऑक्सफोर्ड इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जात-पाँतवादी साम्प्रदायिक एवं अवसरवादी माहौल में बने रहने के लिए अभिशप्त या। एक मुलाकात में उन्होनें नेहरू जी से कहा भी था। ''पुरोहिताई पर परिवार चलता था अब पिताजी के जाने के बाद वह भी नहीं रही और मैं व्यावहारिक रूप में अक्षम हूँ आपकी तरह शक्तिशाली और धुन का पक्का भी नही। न वो प्रतिभा है और न साहस और फिर... मुझे लगता है। मैं इतिहास से बाहर का आदमी हूँ मेरी उपयोगिता नही...।''[4]

उपन्यास का दूसरा खण्ड 'प्रस्थान पर्व' 3 दिसम्बर, 1992 प्रारम्भ होता है। उनका शिष्य सविनय ने 4 दिसम्बर को अयोध्या में एक सचल ग्रामीण पुस्तकालय का उद्घाटन करने और 'किताबे शक पैदा करती है' विषय पर व्याख्यान देने के लिए उन्हें आमन्त्रित किया है। उपन्यास सविनय के फोन और आचार्य जी के निर्णय के साथ ही आरम्भ होता है। बाबरी मस्जिद की घटना को लेकर यह मान्यता है कि राजनीति का जनता के इस उन्माद का नैतिक निमन्त्रण होना चाहिए, अन्यथा इसकी आवश्यकता क्या है। आचार्य जी अकेले है। सामूहिक विरोध उनके बूते का नही लेकिन वह मुर्दे की तरह जीना नहीं चाहते। वह असहमत होना जरूरी मानते है।''[5]

उपन्यास के तीसरे खण्ड देव श्मशान में धर्म के प्रति उपर्युक्त दृष्टि का ही प्रतिपादन है। शीर्षक से ही स्पष्ट है कि अयोध्या देवस्थली नहीं, देव श्मशान है।

आचार्य जी तुलसी को महान मानते हुए भी अप्रासंगिक मानते है और हिन्दू जनमानस पर उनके प्रभाव को खतरनाक बताते है, इसी जोश में वह अयोध्या को शौचालय घोषित कर डालते है। गदर मूर्तिमान हो उठता है। पंडाल और पुस्तके लूट ली जाती और कुछ जला दी जाती है। आचार्य जी सही है लेकिन उनका स्वर और समय दोनों गलत थे। अयोध्या में अवधी तहजीब को दरकिनार करते हुए हिन्दू-मुस्लिम धार्मिक भिन्नता को द्वन्द्वग्रस्त बनाने के लिए इसका राजनीतिकरण किया जा रहा है। हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक आफताब अली की मजार का अब नामोंनिशाँ तक नहीं है। मियाँ गफ्फार खाँ जैसे अनेक बुजुर्गों को अयोध्या छोडने के लिए विवश किया गया है जो यहीं जमींदोज होना चाहते थे, कुल मिलाकर अयोध्या को 'नया वेटिकन' बनाने की तैयारी है जो असम्भव है क्योंकि यहाँ अनेक मल्ल पोप है और खून-खराबा यहाँ का चलन है और यहाँ कलात्मक सौन्दर्य भी नहीं है जो रोम के वेटिकन में है।

दरअसल, इस समूचे विराट धार्मिक तांडव का निषेध उस राजनीतिक संस्कृति की निषेधात्मक समालोचना है जिसे आचार्य जी गेरूए में लिपटा हुआ सत्ता का घिनौना, जर्जर खेल बताते है।

उपन्यास में बहुत सारी राजनीतिक टिप्पणियाँ है जो लेखक की राजनीति सम्बन्धी सोच-समझ को अभिव्यक्त करती है। आचार्य जी को बौद्धिक दुनियाँ के इसी दो मुँहेपन, अस्पष्टता एवं संकीर्ण स्वार्थपरता से गहरी शिकायत है। जिसने आलोचना की संस्कृति को विनष्ट किया है इसीलिए जो गलत हो रहा है वह ठीक है की अवसरपरस्त नैतिकता द्वारा साम्प्रदायिक उन्माद को सत्ता तक पहुंचाने का माहौल बनाया है। लेखक इस दोमुँहेपन को लोहिया जी के राजनीतिक सांस्कृतिक चिन्तन में भी देखता है। आचार्य जी की समझ है कि उनकी सांस्कृतिक सोच में राम-कृष्ण-शिव तथा पौराणिक चिन्तन का कचरा बहता है, जो उन्हें नेहरू की ओर कम, सावरकर की ओर अधिक ले जाता है।[6]

अत: आचार्य जी लोहिया और जयप्रकाश को गाँधीजी के धर्मतत्व का उत्तराधिकारी बताते हैं जो निरापद नहीं है लेकिन लोहियाजी के एक अवलोकन मे वह ऐतिहासिक सत्य भी देखते हैं। 'भारत में जातियाँ ही वर्ग हैं। लेकिन क्या यह 1992 या 2003 का भी सच है? क्या इस स्थापना में जात-पात का राजनैतिक कचरा नही बह रहा? इसी प्रकार सेवियत सत्ता के विखण्डन के बावजूद लोहिया के निबन्ध 'अर्थशास्त्र: मार्क्सवाद के बाद को हिमाकत बताना कितना बुद्धिसंगत है?'

उनकी दृष्टि में कुल मिलाकर सिर्फ नेहरू में ही 'महात्मा जी के व्यक्तित्व का प्रसार' है इस प्रकार वह लोहियावादियों और हिन्दुत्वादियों के बीच एक मानसिक संगति देखते हैं जो उन्हें अन्तत: हिन्दुत्ववादियों के खेमे में ले जाती है। वस्तुत: राष्ट्र धर्म एवं संस्कृति के नाम पर लोहियावादी सेक्युलर प्रगतिशीलता के चरम विरोधी रहे है जिससे समय-समय पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को वैचारिक समर्थन मिला है। राष्ट्रवादी समाजवादियों की नीति का यही ह्रस सारी दुनिया में हुआ है। इसके बावजूद यही प्रश्न बना रहता है कि राम-कृष्ण-शिव अल्लाह, कुरान, गौरेया या .बाइबिल का क्या किया जाए?

आखिर क्यों नेहरू की सेक्युलर दृष्टि शिक्षा और लोकतन्त्र के उत्तरोतर विस्तार के बावजूद, पराजित- सी है। हमारी आजादी गांधी जी के 'स्वराज के सपने सत्य और अहिंसा के सत्याग्रही प्रयोगों तथा नेहरू के समाजवादी-लोकतान्त्रिक' नियति के साक्षात्कार में आरम्भ हुई, फिर लोहिया और लोहियावादियों द्वारा भारतीयता की आड़ में राष्ट्रवादी समाजवाद का बाना धारण किए मुलायम और लालू-प्रसाद के जात-पातवादी समाजवाद और मायावती-कांशीराम के अम्बेडकरवादी लोकतन्त्र के काँटो में उलझकर सावरकर और सावरकरवादियों की गोद में सुरक्षित महसूस करने लगी है। दूधनाथ सिंह ने बडे ही व्यथित मन एवं संवेदनशील अंकन द्वारा इन सारे कोणों को किसी न किसी रूप में प्रस्तुत किया है। यद्यपि केन्द्र में धार्मिक एवं जात-पॉतवादी अन्धता है जिसका उत्तर सेक्यूलर कम्यूनिस्ट देने में अक्षम रहे, लेकिन लेखक की दृष्टि में इस सबके मूल में है। वह ष्स्फटिक फाँकष् जो जाति और जाति, सम्प्रदाय और सम्प्रदाय, परिवार और व्यक्ति और राजनीति यथार्थ तथा राजनीतिक प्रतिबद्धता और व्यवहार के बीच विद्यमान है और सबके मूल में है। भारतीय जनमानस की मिथकीय संरचना जो इतिहास को नकारती थी। ऐसे में लेखकीय सहानुभूति आचार्य जी के साथ है। जैसे 'महाभारत' के रचनाकार की सहानुभूति भीष्म के साथ है अन्यथा आचार्य जी जैसे विराट, जानदार और कन्विसिंग पात्र की इतनी सजीव कल्पना सम्भव नहीं थी। यह पात्र ही 'आखिरी कलाम' को महाकाव्यात्मक आयाम देता है और इसके छितराव को कलात्मक अन्विति प्रदान करता है।

रचनाकार दूधनाथ सिंह की दुनियॉ विचारात्मक लेखन की दुनियॉ है। राजनीति का जो रूप होना चाहिए, वह वर्तमान में नही है। आज राजनीति वह है, जिसमें राजनेता अपना घर भरता है। वह अपनी कुर्सी बचाये रखने के लिए निर्दोष जनता का शोषण करता है। राजनीतिज्ञों की कुटिल चाल चारों तरफ पैर पसार रही है। जिसमें आम आदमी ही फँसता है। आज राजनीति अपने वास्तविक लक्ष्य से भटक चुकी है। इस अवस्था के कारण ही सामाजिक संबंध टूट रहे है।

''राजनीति हमारी जिन्दगी का एक जरूरी हिस्सा बन गई है। हमारी साँस का उतार चढाव और रक्त का संचार तक राजनीति से प्रभावित है।''[7]

भारतीय लोकतन्त्र मे जिन अपराधिक तत्वों का समावेश हो चुका है। उनके चलते देश में राष्ट्रवाद जैसी भावनाएँ भी खत्म होने लगी है। जिस सत्ता का शासन होता है जो पार्टी केन्द्र में होती है, वह अपने फायदे के लिए उन्हीं राज्यों का ध्यान रखती है। आखिरी कलाम उपन्यास में राजनीति षडयंत्र का आधार बना, सत्ताधारी विपक्षी पार्टी दोनों फायदा उठा रहे है। आखिरी कलाम उपन्यास राजनीति धरातल पर लिखा गया उपन्यास है। जहाँ राम-राम सत्य है को जै श्री राम में परिवर्तित कर सत्ता पक्ष उसका लाभ लेना चाहती है।

''अपनी सम्पूर्ण औपन्याक्षिक संरचना में आखिरी कलाम हिन्दू फाँसीवादी खतरे की पृष्ठभूमि में एक ऐसी जीवन्त जिरह है जो धर्म, धर्मनिरपेक्षता, जनतन्त्र मीडिया, मुसलमान, वामपंथ से लेकर लोहियावादी राजनीति का विस्तार लिए है लेकिन उपन्यासकार का सर्वाधिक मुख्य उद्देश्य है। हिन्दू धर्म की मनुष्य विरोधी संरचना को बेपर्दा करने तथा धर्मनिरपेक्ष शक्तियों के उस पोले आधार को उजागर करने में जो उसकी विफलता के लिए जिम्मेदार हैं।''[8]

दूधनाथ सिंह ने अपने उपन्यास 'आखिरी कलाम' में हिन्दुत्व के उभार के फलस्वरूप हिन्दू नेताओं की क्रूर नीतियों का वर्णन किया है जो कारसेवकों की धार्मिक भावनाओं को भडकाकर बहुत बड़े जनसमुदाय को वोट बैंक में बदल देना चाहते है।

''अयोध्या में कारसेवकों की आक्रामकता व बाबरी मस्जिद के आसन्न ध्वंस पर धर्मनिरपेक्ष शक्तियों से उसका सीधा चुनौतीपूर्ण सवाल करते है - कहाँ है तुम्हारे वर्ण-युक्त मानस की जनता? यह मंदिर-मस्जिद का सवाल नहीं ----- यह मनुष्य होने या न होने का सवाल है।''[9]

"आखिरी कलामष् उपन्यास व्यापक सामाजिक-राजनैतिक मुद्दों पर सवाल खडे करता है। वर्तमान चुनावी परिप्रेक्ष्य में लगातार साम्प्रदायिकता का मुद्दा उठाया जा रहा है। ध्रुवीकरण की राजनीति अपने चरम पर है, ''भारतीय समाज और राजनीति के बढते हुए रूढिवाद, अंधविश्वास और धर्मतांत्रिक राजनीति के अभिमानों के फलस्वरूप बढता हुआ उन्माद और उसके प्रभाव में पैदा हुआ आतंक।''[10]

समकालीन समाज के जीवन पर राजनीति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। राजनीति जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ी थी वो था त्याग और सेवा। उसमें परहित की भावना थी समाज का विकास था। लोगों की खुशहाली थी, परन्तु आज केवल पैसा बटोरना ही राजनीति का पहला और अन्तिम उद्देश्य बन गया है।

''बाबरी मस्जिद ध्वंस की पृष्ठभूमि पर कॅन्द्रित दूधनाथ सिंह का उपन्यास 'आखिरी कलाम' उनकी रचनात्मकता का शिखर है । औपन्यासिक कलेवर में यह कथाकृति साम्प्रदायिक फासीवाद के विरोध में एक जीवंत जिरह है जो धर्म, धर्मनिरपेक्षता, जनतंत्र, मीडियाए मुसलमान व वामपंथ से लेकर लोहियावादी राजनीति तक का विस्तार लिए हुए है।''[11]

'आखिरी कलाम' उपन्यास राजनीति का नग्न यथार्थ है। आज की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखे तो बाबरी मस्जिद को तोड़कर मन्दिर बनाया गया है। कोई भी राजनीति पार्टी इस बात को कहने का साहस नहीं रखती कि वहाँ मस्जिद ही बनायी जाये क्योंकि टूटी तो मस्जिद ही। "आखिरी कलाम" उपन्यास में राजनीति से पीड़ित आमजन का दर्द साफ देखा जा सकता है।

## संदर्भ-ग्रन्थी सूची


1. सिंह, दूधनाथ, कहासुनी, राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा.लि. दिल्ली 2005, पृ0. 86-87
2. सिंह, दूधनाथ, ष्आखिरी कलामष् राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा.लि. दिल्ली 2018, पृ0. 340
3. वही, पृ0. 433
4. वही, पृ0. 29
5. वही, पृ0. 32
6. वही, पृ0. 195
7. सारिका, पृ0. 7, 1985
8. यादव, वीरेन्द्र, उपन्यास और वर्चस्व की सत्ता, पृ0. 213-214
9. सिंह, दूधनाथ, "आखिरी कलाम" राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि. दिल्ली 2018, पृ0. 150
10. ठाकुर, शगेन्द्र, उपन्यास की महान परम्परा, 1996, पृ0. 178
11. पहली बार पत्रिका वीरेन्द्र यादव का स्मृति-आलेख दूधनाथ सिंह : 'आखिरी कलाम' तो अभी बाकी था, पृ0 03